अवसर

विकास संवाद में सहभागिता का अवसर

परियोजना समन्वयक हेतु आवेदन आमंत्रित

स्थान: शाहबाद तहसील, जिला बारां, राजस्थान

विकास संवाद समिति के बारे में:

विकास संवाद समिति (VSS) एक गैर-सरकारी संस्था है, जो सामाजिक विकास, क्षमता निर्माण और प्रभावी संचार के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था मुख्य रूप से बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य करती है।

विकास संवाद विशेष रूप से वंचित एवं हाशिए पर रहने वाले समुदायों–जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, किशोर-किशोरियों, युवाओं और छोटे किसानों–के साथ मिलकर उनके सशक्तिकरण एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्था अपने कार्यों में समता, समानता, न्याय, गरिमा और लोकतांत्रिक भागीदारी जैसे संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देती है। सामुदायिक कार्यक्रमों, शोध, दस्तावेजीकरण और प्रभावी संचार के माध्यम से संस्था समुदाय-आधारित संस्थाओं, मीडिया, पंचायती राज संस्थाओं, शासकीय विभागों और नागरिक समाज के संस्थाओं के साथ साझेदारी स्थापित कर समावेशी एवं साक्ष्य-आधारित विकास को बढ़ावा देती है।

पद एवं कार्यक्रम के बारे में:

विकास संवाद समिति, चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) के सहयोग से राजस्थान के बारां जिले की शाहबाद तहसील के 20 गांवों में 'बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं जीवन कौशल विकास कार्यक्रम' का संचालन कर रही है। इस परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं निगरानी के लिए संस्था को एक अनुभवी एवं प्रतिबद्ध परियोजना समन्वयक की आवश्यकता है। चयनित उम्मीदवार क्षेत्रीय स्तर पर परियोजना की सभी गतिविधियों की योजना बनाने, उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, टीम प्रबंधन, हितधारकों के साथ समन्वय तथा परियोजना के परिणामों की निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे।

मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- परियोजना का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना तथा टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्ययोजनाएं तैयार करना और गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- परियोजना की पहचान एवं दृश्यता (विज़िबिलिटी) बढ़ाने तथा उसके दीर्घकालिक स्थायित्व (सस्टेनेबिलिटी) को मजबूत करने के लिए आवश्यक पहल करना।
- संबंधित शासकीय विभागों, पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करना और प्रभावी साझेदारियां विकसित करना।
- परियोजना के प्रभाव, उपलब्धियों, चुनौतियों तथा समुदाय में हो रहे सकारात्मक बदलावों का नियमित दस्तावेजीकरण करना और संबंधित हितधारकों के साथ साझा करना।
- परियोजना की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं शिक्षण सामग्री विकसित करना तथा फील्ड टीम और सामुदायिक समूहों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करना।
- स्थानीय एवं क्षेत्रीय (वर्नाक्युलर) मीडिया के साथ संवाद स्थापित करना तथा परियोजना की गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रभावशाली कहानियों को साझा करना।

- बाल समूहों, किशोर-किशोरी समूहों, महिला समूहों एवं अन्य सामुदायिक मंचों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उनकी क्षमता एवं नेतृत्व विकास को बढ़ाना।
- परियोजना की प्रगति एवं उपलब्धियों से संबंधित आवधिक रिपोर्ट तैयार करना तथा निर्धारित समय-सीमा में विकास संवाद कार्यालय, क्राई एवं संबंधित शासकीय विभागों को प्रस्तुत करना।
- संस्था द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों एवं जिम्मेदारियों का उत्तरदायित्वपूर्वक निर्वहन करना।

योग्यता और अनुभव:

- शैक्षणिक योग्यता: सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र), ग्रामीण विकास अथवा संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।
- कार्य अनुभव: बाल अधिकारों, शिक्षा, बाल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में 3-5 वर्षों का फील्ड आधारित कार्य अनुभव।

आवश्यक कौशल:

- बच्चों के अधिकारों, विशेषकर शिक्षा, संरक्षण एवं जीवन कौशल विकास से संबंधित मुद्दों की समझ।
- हिंदी एवं अंग्रेज़ी भाषा में प्रभावी लेखन, संचार एवं प्रस्तुतिकरण कौशल।
- कंप्यूटर एवं डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान तथा एमएस ऑफिस, ईमेल और इंटरनेट के उपयोग में दक्षता।
- परियोजना क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने एवं फील्ड स्तर पर कार्य करने की तत्परता।
- वंचित समुदायों के साथ संवेदनशीलता, सम्मान एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की क्षमता।
- रिपोर्ट लेखन, डेटा विश्लेषण, दस्तावेजीकरण एवं केस स्टोरी तैयार करने में दक्षता।
- टीम प्रबंधन, प्रभावी समन्वय, संवाद एवं नेटवर्किंग कौशल।
- स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने, समस्याओं का समाधान करने तथा समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने की क्षमता।

मानदेय:

₹30,000 से ₹33,000 प्रति माह, मानदेय उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं संबंधित कौशल के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। निर्धारित मानदेय में लागू करों एवं नियमानुसार कटौती शामिल होगी।

आवेदन की प्रक्रिया:

- इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपना अद्यतन बायोडाटा (CV) एवं कवर लेटर आगे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: ईमेल**:** office@vssmp.org
- ईमेल का विषय (सब्जेक्ट) स्पष्ट लिखें: जिला परियोजना समन्वयक पद हेतु आवेदन
- आवेदन की अंतिम तिथि: 18 नवंबर 2026

महत्वपूर्ण सूचना:

केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के अगले चरण में उम्मीदवारों के साथ ऑनलाइन साक्षात्कार अथवा व्यक्तिगत बातचीत आयोजित की जाएगी।